**Need to construct a greenfield four lane road from Garhwa to Panduka Bridge in Jharkhand.-laid**

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । पलामू संसदीय क्षेत्र के चहुँमुखी विकास के लिए एवं सुगम आवागमन हेतु क्षेत्र की जनता द्वारा गढ़वा से मंझिआंव होते हुए पंडुका ब्रिज (झारखंड सीमा के अन्त) Greenfield सड़क निर्माण की मांग की जा रही है । इसके निर्माण हो जाने से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से कनेक्टिविटी और मजबूत होगी । साथ ही यह क्षेत्र बिजनेस कारिडोर के रूप में विकसित होगा । दक्षिण बिहार के इस इलाके का सीधा संपर्क झारखंड राज्य के कई शहरों से हो सकेगा । पंडुका पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गढ़वा जिले के मंझिआंव, कांडी विशुनपुरा, बरडीहा, भवनाथपुर आदि प्रखंड के लोगों को वाराणसी जाने के लिए 80 किलोमीटर कम दूरी तय करनी पड़ेगी । पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला आदि जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ की ओर से आने वाले यात्रियों को जीटी रोड पकड़ने या वाराणसी जाने के लिए तीसरा वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जाएगा । अतः मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध हैं कि गढ़वा से मंझिआंव, कांडी होते हुए पंडुका ब्रिज तक (झारखंड राज्य की सीमा) 4-लेन Greenfield सड़क का निर्माण कराने की कृपा की जाए ।